**दवा की गाइड**

**Mifeprex** (MIF-eh-prex) (mifepristone) गोलियाँ, मुंह से खाने के लिए

Mifeprex और misoprostol लेने से पहले इस जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह आपको जानने में मदद करेगी कि यह उपचार कैसे काम करता है। यह दवा की गाइड आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बातचीत करने का स्थान नहीं लेती।

**वह सबसे ज़रूरी जानकारी कौन सी है जो मुझे Mifeprex के बारे में पता होनी चाहिए?**

**ऐसे कौन से लक्षण है जिनके बारे में मुझे चिंतित होना चाहिए?** हालांकि ऐंठन और रक्तस्त्राव एक गर्भावस्था के समाप्त होने का एक अपेक्षित हिस्सा है, लेकिन कभी-कभार, गंभीर और संभावित रक्तस्त्राव, संक्रमण, या गर्भपात, शल्य गर्भपात, चिकित्सा गर्भपात, या बच्चे के जन्म के बाद अन्य समस्याएँ हो सकती हैं। यदि इन परिस्थितियों में जरूरत हो तो जितनी जल्दी से जल्दी संभव हो, चिकित्सा सहायता प्राप्त करने की जरूरत होती है। बहुत कम मामलों में गंभीर संक्रमण का परिणाम मौत होना हुआ है। ऐसी कोई जानकारी नहीं है कि Mifeprex और misoprostol का उपयोग इन मौतों का कारण बना है। यदि आपके कोई प्रश्न, चिताएँ, या समस्याएँ हैं, या आप किन्हीं दुष्प्रभावों या लक्षणों के बारे में चितिंत हैं, तो आपको अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से सम्पर्क करना चाहिए। आप अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता का नम्बर यहाँ लिख सकते हैं ___________________________।

**यदि आपको निम्नलिखित में से कोई है तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से सम्पर्क करना सुनिश्चित करें:**

- **भारी रक्तस्राव।** यदि आपको लगातार दो घंटों में प्रति घंटे इतना रक्तस्राव हुआ है जो कि पूरे आकार वाले दो सेनेटरी पैड सोखने के लिए काफी है या यदि आप भारी रक्तस्राव के बारे में चितिंत हैं, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से तत्काल सम्पर्क करें। 100 महिलाओं में से लगभग 1 को, रक्तस्राव इतना अधिक हो सकता है कि उसके लिए शल्य कार्रवाई (सर्जिकल तरीके से निकालना या D&C) की आवश्यकता होती है।
- **पेट में दर्द होना या "बीमार महसूस करना"** यदि आपको misoprostol के लेने के बाद 24 घंटों से अधिक के लिए, पेट में दर्द हो रहा है या असुविधा हो रही है, या आप "बीमार महसूस कर रही हैं", जिनमें कमजोरी, मतली आना, उल्टी आना, या दस्त लगना शामिल हैं, बुखार के साथ या उसके बिना, तो बिना देरी किये अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से सम्पर्क करें। ये लक्षण किसी गंभीर संक्रमण या किसी अन्य समस्या के संकेत हो सकते हैं (एक अस्थानिक गर्भावस्था, गर्भ के बाहर एक गर्भावस्था सहित)।
- **बुखार।** उपचार के बाद के दिनों में, यदि आपको 100.4°F या उससे अधिक बुखार है जो 4 घंटे से अधिक बना रहता है, तो आपको अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से तत्काल सम्पर्क करना चाहिए। बुखार किसी गंभीर संक्रमण या किसी अन्य समस्या का एक संकेत हो सकता है।

**यदि आप अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता तक नहीं पहुंच सकते, तो अपने करीब के अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में जाएँ। इस दवा की गाइड को अपने साथ ले जाएँ।** जब आप किसी आपातकालीन कक्ष में जाएँ या किसी ऐसे स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता के पास जाएँ जिसने आपको आपकी Mifeprex न दी हो, तो आपको उन्हें अपनी दवा की गाइड देनी चाहिए ताकि वह समझ सकें कि आपको Mifeprex के कारण एक चिकित्सक गर्भपात हो रहा है।

**क्या करना चाहिए जबकि आप misoprostol उपचार के साथ Mifeprex के बाद भी अब भी गर्भवती हैं।** यदि आप अब भी गर्भवती हैं, आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आपके साथ आपकी गर्भावस्था को खत्म करने के लिए एक शल्य प्रक्रिया के बारे में बात करेंगे। बहुत से मामलों में, यह शल्य प्रक्रिया कार्यालय/क्लीनिक में की जा सकती हैं। यदि गर्भावस्था समाप्त नहीं की जाती तो बच्चे के जन्म के समय होने वाले दोषों की संभावना अज्ञात है।

**अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें।** आपके Mifeprex लेने से पहले, आपको इस दवा की गाइड को पढ़ना चाहिए और आपको और आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को आपके Mifeprex के उपयोग से होने वाले फायदों और जोखिमों के बारे में बात करनी चाहिए।

**Mifeprex क्या है?**

**एक प्रारंभिक गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए Mifeprex को एक अन्य नुस्खे वाली दवाई जिसे misoprostol कहा जाता है, के साथ एक पथ्य में उपयोग किया जाता है।** प्रारंभिक गर्भावस्था का मतलब है कि आपके पिछले मासिकस्राव चक्र के शुरु होने से 70 दिन (10 सप्ताह) या कम हुए हैं। Mifeprex उन गर्भावस्थाओं को समाप्त करने के लिए अनुमोदित नहीं है जो इस समय को पार कर चुकी हैं। Mifeprex आपकी गर्भावस्था को जारी रखने के लिए ज़रूरी एक हार्मोन को अवरोधित करती है। जब आप दिन 1 पर Mifeprex का उपयोग करती हैं, तो आपको गर्भावस्था को अपने गर्भाशय से पारित करने को प्रेरित करने के लिए Mifeprex के लेने के 24 से 48 घंटे बाद एक और दवाई लेनी होगी जिसे misoprostol कहा जाता है।

इस गर्भावस्था को आपके Mifeprex और misoprostol लेने के बाद गर्भाश्य से निकलने में 2 से 24 घंटे के बीच का समय लगने की संभावना है। जब गर्भावस्था गर्भाशय से निकल जाता है, तो आपको रक्तस्राव और ऐंठन होगी जिसके आपके सामान्य मासिक चक्र से अधिक होने की संभावना होगी। Mifeprex लेने वाली 100 महिलाओं में से लगभग 2 से 7 को एक शल्य प्रक्रिया की जरूरत होगी क्योंकि गर्भावस्था पूरी तरह से गर्भाश्य से निकल नहीं पाई होगी या रक्तस्राव को रोकने के लिए ऐसा करना ज़रूरी होगा।

**किसे Mifeprex नहीं लेनी चाहिए?**

कुछ महिलाओं को Mifeprex नहीं लेनी चाहिए। Mifeprex ना लें यदि आपको:

- एक ऐसी गर्भावस्था है जो 70 दिनों (10 सप्ताह) से अधिक है। आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता यह निर्धारित करने के लिए कि आपकी गर्भावस्था कितनी आगे बढ़ चुकी है, आपकी एक नैदानिक जांच, एक अल्ट्रासाउंड जांच या अन्य परीक्षण कर सकता/ती है।
- एक आईयूडी (अंतर्गर्भाशयी डिवाइस या सिस्टम) का इस्तेमाल कर रही हैं। इससे पहले कि आप Mifeprex लें, इसे निकालना ज़रूरी है।
- आपको आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता द्वारा बताया गया हो कि आपको गर्भाश्य के बाहर (अस्थानिक गर्भावस्था) की एक गर्भावस्था है।
- आपकी अधिवृक्क ग्रंथि (दीर्घकालिक अधिवृक्क विफलता) के साथ समस्याएँ हों।
- आप अपने खून को पतला करने के लिए कोई दवाई ले रही हों।
- रक्तस्राव की समस्या हो।
- पोरफाइरिया है।
- विशिष्ट स्टेरॉयड दवाएँ लेती हैं।
- Mifepristone, misoprostol, या ऐसी दवाओं से एलर्जी हो जिनमें misoprostol सम्मिलित हो जैसे कि Cytotec या Arthrotec।

यदि आप अपनी सभी चिकित्सा स्थितियों के बारे में सुनिश्चित नहीं हैं तो यह पता लगाने के लिए कि क्या आप Mifeprex ले सकती हैं, इस दवाई को लेने से पहले अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से पूछें।

**मुझे Mifeprex लेने से पहले अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को क्या बताना चाहिए?**

**आपके Mifeprex लेने से पहले, अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को बताएँ यदि आप:**

- अपनी पहली मुलाकात के लगभग 7 से 14 दिनों के भीतर फॉलो-अप (अनुवर्ती मुलाकात) नहीं कर सकती हैं
- बच्चे को दूध पिला रही हैं। Mifeprex आपके स्तन के दूध में मिल सकती है। माँ का दूध पीने वाले नवजात शिशु या दूध के उत्पादन पर Mifeprex और misoprostol पथ्य का प्रभाव अज्ञात है।
- नुस्खे वाली और ओवर-दी-काउंटर बिकने वाली दवाईयाँ, विटामिन और हर्बल अनुपूरक सहित दवाईयाँ ले रही हैं। Mifeprex और कुछ विशिष्ट दवाएँ इकट्ठे इस्तेमाल किये जाने पर एक दूसरे पर प्रभाव डाल सकती हैं। इससे दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

**मुझे Mifeprex कैसे लेनी चाहिए?**

- आपको Mifeprex एक क्लीनिक, चिकित्सा कार्यालय या अस्पताल में एक स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता द्वारा दी जाएगी।
- आप और आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आपके Mifeprex लेने के लिए सबसे अधिक उचित स्थान का चयन करेंगे, क्योंकि इससे रक्तस्राव, ऐंठन, मतली आना, दस्त लगना और अन्य ऐसे लक्षण हो सकते हैं जो आम तौर पर इसके लेने के 2 से 24 घंटों के बाद शुरु होते हैं।
- अधिकतर महिलाओं को misoprostol की गोलियाँ लेने के बाद 2 से 24 घंटे के भीतर गर्भपात हो जाएगा।

**Mifeprex और misoprostol को कैसे लिया जाए, पर नीचे दिये निर्देशों का पालन करें:**


**<u>Mifeprex (1 गोली) मुंह से + misoprostol (4 गोलियाँ) गाल की थैली में</u>**

**दिन 1:**

- मुंह द्वारा 1 Mifeprex लें।
- आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता या तो आपको 4 misoprostol की गोलियाँ देगा या आपके लिए उनका नुस्खा लिखेगा जिन्हें 24 से 48 घंटे बाद लेना होगा।

**Mifeprex के लेने के 24 से 48 घंटे बाद:**

- 30 मिनट के लिए, प्रत्येक गाल की थैली (आपके दाँत और गाल के बीच का क्षेत्र - चित्र अ देखें) में 2 misoprostol की 2 गोलियाँ रखें और फिर किसी भी बची हुई मात्रा को पानी या किसी अन्य पेय पदार्थ के साथ निगल लें।
- यदि आप misoprostol को Mifeprex लेने के 24 घंटे से पहले या Mifeprex लेने के 48 घंटे बाद लेती हैं तो हो सकता है कि ये दवाईयाँ काम न करें।
- Misoprostol अक्सर ऐंठन, मतली आने, दस्त लगने और अन्य लक्षणों का कारण बनती है। आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता इस लक्षणों के लिए आपको दवाईयों के साथ घर भेज सकता है।



**चित्र अ** (2 गोलियाँ अपने बाएँ गाल और मसूड़े के बीच और 2 गोलियाँ अपने दाएँ गाल और मसूड़े के बीच)

**दिन 7 से 14 पर फॉलो-अप (अनुवर्ती) आकलन:**

- फॉलो-अप (अनुवर्ती) आकलन बहुत ज़रूरी है। आपका Mifeprex लेने के 7 से 14 दिनों बाद अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से फॉलो-अप करना ज़रूरी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आप ठीक हैं और आपको रक्तस्राव हुआ है और गर्भावस्था आपके गर्भाशय से निकल गई है।
- आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता इस बात का आकलन करेगा/गी कि आपकी गर्भावस्था आपके गर्भाशय से निकल गई है। यदि आपकी गर्भावस्था जारी रहती है, तो यह संभावना कि बच्चे में जन्म के समय दोष हो सकते हैं, अज्ञात है। यदि आप अब भी गर्भवती हैं, आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आपके साथ आपकी गर्भावस्था को खत्म करने के लिए एक शल्य प्रक्रिया के बारे में बात करेंगे।
- यदि आपकी गर्भावस्था समाप्त हो गई है, लेकिन पूरी तरह से आपके गर्भाशय से नहीं निकली है, तो आपका प्रदाता आपसे आपके लिए मौजूद अन्य विकल्पों के बारे में बात करेगा, जिनमें इंतजार करना, misoprostol की एक और खुराक लेना, या आपके गर्भाशय को खाली करने के लिए एक शल्य प्रक्रिया करना शामिल हैं।

**मुझे गर्भ निरोधक का उपयोग कब शुरु करना चाहिए?**

आप अपनी गर्भावस्था के समाप्त होने के एकदम बाद फिर से गर्भवती हो सकती हैं। यदि आप फिर से गर्भवती नहीं होना चाहती हैं, तो आपकी गर्भावस्था के समाप्त होते ही या इससे पहले कि आप फिर से संभोग करना शुरु करें, तत्काल गर्भ निरोधक का उपयोग करना शुरु कर दें।

**Mifeprex और misoprostol लेने के दौरान मुझे किस चीज़ से बचना चाहिए?**

उपचार अवधि के दौरान किसी अन्य पर्चे वाली दवाई या ओवर-द-काउंटर दवाओं (हर्बल दवाओं या पूरक सहित) को अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से उनके बारे में पूछे बिना न लें क्योंकि वे इस इलाज में रुकावट पैदा कर सकती हैं। अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से पूछें कि आप दर्द और अन्य दुष्प्रभावों के लिए कौन सी दवाएँ ले सकती हैं।

**Mifeprex और misoprostol के संभावित दुष्प्रभाव क्या हैं?**

**Mifeprex गंभीर दुष्प्रभाव पैदा कर सकती है। देखें "मुझे Mifeprex के बारे में कौन सी सबसे महत्वपूर्ण जानकारी के बारे में पता होना चाहिए?"**

**ऐंठन और रक्तस्राव।** इस उपचार से ऐंठन और योनि से रक्तस्राव अपेक्षित हैं। आम तौर पर, इन लक्षणों का अर्थ है कि उपचार काम कर रहा है। लेकिन कई बार आपको ऐंठन और रक्तस्राव हो सकता है और आप फिर भी गर्भवती हो सकती हैं। इसीलिए आपको Mifeprex लेने के बाद लगभग 7 से 14 दिनों में अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से फॉलो-अप करना ज़रूरी है। फॉलो-अप (अनुवर्ती) आकलन के बारे में अधिक जानकारी के लिए "मुझे Mifeprex कैसे लेनी चाहिए?" देखें। यदि आपको Mifeprex लेने के बाद रक्तस्राव नहीं हो रहा है, तो आपको शायद एक बार misoprostol, वह दवाई जो आपको Mifeprex के बाद 24 से 48 घंटे में लेनी है, लेने के बाद रक्तस्राव शुरू हो जाएगा। औसतन 9 से 16 दिनों के लिए रक्तस्राव या दाग लगने की उम्मीद की जा सकती है और यह 30 दिनों तक रह सकता है। आपका रक्तस्राव, एक सामान्य मासिक चक्र, के बराबर, या उससे अधिक हो सकता है। आप खून के थक्के और टिशु देख सकती हैं। यह गर्भावस्था के समाप्त होने का एक अपेक्षित भाग है।

Mifeprex उपचार के सबसे सामान्य दुष्प्रभावों में शामिल हैं: मतली आना, कमजोरी, बुखार होना/ठंड लगना, उल्टी आना, सिरदर्द, दस्त लगना और चक्कर आना। आपका प्रदाता आपको बताएगा कि किसी भी दर्द या अन्य दुष्प्रभावों का प्रबंधन कैसे करना है। ये Mifeprex के सारे संभावित दुष्प्रभाव नहीं हैं।

किन्हीं भी ऐसे दुष्प्रभावों के बारे में कोई चिकित्सा सलाह लेने के लिए अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को कॉल करें जो आपको परेशान कर रहे हैं या खत्म नहीं हो रहे हैं। आप FDA को दुष्प्रभावों की रिपोर्ट 1-800-FDA-1088 पर कर सकते।

**Mifeprex के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग के बारे में सामान्य जानकारी।**

**दवाएँ कभी-कभी एक दवा गाइड में सूचीबद्ध प्रयोजनों के अलावा अन्य प्रयोजनों के लिए भी निर्धारित की जाती हैं। यह दवा की गाइड Mifeprex के बारे में सबसे महत्वपूर्ण जानकारी का सारांश देती है। यदि आपको और जानकारी चाहिए, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें। आप अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से Mifeprex के बारे में उस जानकारी के लिए पूछ सकते हैं जो स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए लिखी गई है।**

**Mifeprex के बारे में अधिक जानकारी के लिए www.earlyoptionpill.com पर जाएँ या 1-877-4 Early Option (1-877-432-7596) पर कॉल करें।**

के लिए विनिर्मित: *Danco Laboratories, LLC*
पोस्ट बॉक्स 4816
New York, NY 10185
1-877-4 Early Option (1-877-432-7596) www.earlyoptionpill.com

यह दवा की गाइड अमेरिकी खाद्य एवं दवा प्रशासन द्वारा अनुमोदित की गई है। अनुमोदन 3/2016